Daily Current Affairs 19 August 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. आज दुनियाभर में मनाया जाएगा विश्व फोटोग्राफी दिवस
• प्रतिवर्ष 19 अगस्त को दुनियाभर में विश्व फोटोग्राफी दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने के पीछे एक दिलचस्प कहानी है। दरअसल फ्रांसीसी वैज्ञानिक लुईस जेक्स और मेंडे डाग्युरे ने सबसे पहले वर्ष 1839 में फोटो तत्व की खोज की थी। वर्ष 1839 में ही वैज्ञानिक सर जॉन एफ.डब्ल्यू. हश्रेल ने पहली बार 'फोटोग्राफी' शब्द का इस्तेमाल किया था।
• ब्रिटिश वैज्ञानिक विलियम हेनरी फॉक्सटेल बोट ने निगेटिव-पॉजीटिव प्रोसेस का आविष्कार किया और वर्ष 1834 में टेल बॉट ने लाइट सेंसेटिव पेपर की खोज करके खींची गई फोटो को स्थायी रूप में रखने में मदद की।

2. केंद्रीय मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार ने 'पालन 1000 राष्ट्रीय अभियान' किया लॉन्च
• 16 अगस्त, 2022 को केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार ने वर्चुअल मोड में 'पालन 1000 राष्ट्रीय अभियान' लॉन्च किया। इस अवसर पर एक पेरेंटिंग एप्लीकेशन का भी अनावरण किया गया जो मुख्य रूप से पहले दो वर्षों में बच्चों के विकास पर केंद्रित है।
• केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री के अनुसार भारत ने वर्ष 2014 से बाल मृत्यु दर को कम करने के लिये त्वरित कदम उठाए हैं। परिणामस्वरूप बाल मृत्यु दर वर्ष 2019 में घटकर 1000 जीवित जन्मों पर 35 हो गई है, जबकि वर्ष 2014 में यह प्रति 1000 जीवित जन्मों पर 45 थी।

3. रूस में आयोजित होगा वोस्तोक 2022 सैन्याभ्यास
• 30 अगस्त से 05 सितंबर, 2022 तक रूस में वोस्तोक 2022 (Vostok-2022) सैन्याभ्यास आयोजित किया जाएगा। इस सैन्याभ्यास में भारतीय और चीन सेना भी हिस्सा लेगी। इस युद्धाभ्यास में भारत, चीन, रूस के अलावा बेलारूस, मंगोलिया, ताजिकिस्तान की सेनाएं भी हिस्सा लेंगी।
• इस अभ्यास में शामिल होने के लिए सभी सदस्य देशों ने सहमति दे दी है। इसका मौजूदा क्षेत्रीय तनाव से कोई लेना-देना नहीं है। पिछले साल भी भारत ने रूस में जेपेड 2021 (ZAPAD 2021) सैन्याभ्यास में हिस्सा लिया था, जिसमें चीन और पाकिस्तान सहित 17 देशों ने भाग लिया।

4. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगले 25 साल के लिए 'पंच प्राण' लक्ष्य की घोषणा की
• 15 अगस्त, 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के लोगों से विकसित राष्ट्र के लिये 'पंच प्राण' (पाँच प्रतिज्ञा) लेने का आह्वान किया और वर्ष 2047 भारत की स्वतंत्रता का 100वें वर्ष तक स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को पूरा करने का लक्ष्य रखा।
• प्रधानमंत्री ने 75वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए उन पाँच प्रतिज्ञाओं के बारे में बात की जिन पर देश को अगले 25 वर्षों तक ध्यान देने की आवश्यकता है।

5. कर्नाटक ने खिलाड़ियों को नौकरी में 2 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा की, बास्केटबॉल होगा राज्य खेल

Daily Current Affairs 19 August 2022

• हाल ही में कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने राज्य सरकार सभी सरकारी विभागों में खिलाड़ियों को नौकरी में 2 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा की है। वर्तमान में केवल पुलिस और वन विभाग ही भर्ती के दौरान खिलाड़ियों के लिए 2 प्रतिशत आरक्षण प्रदान कर रहे हैं।
• इसके अल्वा राज्य सरकार ने बास्केटबॉल को राज्य के खेल के रूप में मान्यता देने का फैसला किया है।

6. पंजाब के संगरूर में एशिया के सबसे बड़े कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र से व्यावसायिक उत्पादन हुआ शुरू
• हाल ही में पंजाब के संगरूर जिले में एशिया के सबसे बड़े कम्प्रेस्ड बायोगैस (CBG) संयंत्र ने वाणिज्यिक उत्पादन शुरू कर दिया है। 33.23 टन सीबीजी प्रतिदिन की कुल क्षमता वाले इस संयंत्र को अप्रैल, 2022 में भुट्टल कलां गांव (संगरूर) में चालू किया गया था। इसकी आपूर्ति इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) को की जा रही है।
• इसके अलावा पेडा (पंजाब ऊर्जा विकास एजेंसी) ने धान की पराली और अन्य कृषि अवशेषों पर आधारित कुल 492.58 टन प्रतिदिन (टीपीडी) क्षमता वाली 42 अतिरिक्त सीबीजी परियोजनाओं को आवंटित किया है। इन परियोजनाओं का मकसद पराली को जलाने से रोकने के लिए एक स्थायी और टिकाऊ समाधान तैयार करना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देना है।

7. केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने मुम्बई में देश की पहली ई-डबल डेकर वातानुकूलित बस का किया उद्घाटन
• 18 अगस्त, 2022 को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मुम्बई में भारत की पहली ई-डबल डेकर वातानुकूलित बस का उद्घाटन किया है। अशोक लेलैंड की सहायक कम्पनी स्विच मोबिलिटी लिमिटेड ने इस बस का निर्माण किया है। इसे स्विच इलेक्ट्रिक व्हीकल-22 के नाम से जाना जाता है। यह बस नवीनतम प्रौदयोगिकी, अत्याधुनिक डिजाइन, आरामदायक और उच्च सुरक्षा उपकरणों से सुसज्जित है।

8. मादक पदार्थों के तस्करों से जुड़ा भारत का पहला पोर्टल निदान हुआ शुरू
• देश में मादक पदार्थ रोधी कानूनों को लागू करने का जिम्मा संभालने वाली विभिन्न केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के लिए अपनी तरह का पहला पोर्टल 'निदान' शुरू किया गया है। इस पोर्टल के जरिए कोई भी एजेंसी देश के किसी भी हिस्से से मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े किसी भी अपराधी का इतिहास, अपराधी की निजी जानकारी, उंगलियों के निशान और अदालती मुकदमों का विवरण हासिल कर सकती है।

9. भारतीय रेल ने देश की सबसे लंबी मालगाड़ी सुपर वासूकी का किया ट्रायल
• भारत की स्वतंत्रता के 75 साल पूरे होने के मौके पर देश में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत रेलवे ने सबसे लंबी मालगाड़ी का परिचालन ट्रायल किया है। रेलवे ने इसे सुपर वासूकी (Super Vasuki Train) नाम दिया है।
• रेलवे का परिचालन साउथ इस्टर्न सेंट्रल रेलवे की ओर से किया गया। 295 डिब्बों वाली 3.5 किलोमीटर लंबी सुपर वासुकी मालगाड़ी ने 15 अगस्त को छत्तीसगढ़ के कोरबा से नागपुर के राजनांदगांव के बीच 27000 टन कोयला लेकर सफर किया।